NAVBHARAT TIMES, Delhi, 12.11.2017
Page No. 12, Size:(25.51)cms X (10.38)cms.

न्यूज यूज़फुल / टेक

हफ्ते भर की काम की खबरें

बीमा पॉलिसी से आधार पर राहत

हाल में सभी बीमा पॉलिसी से आधार और पैन लिंक कराना जरूरी कर दिया गया था लेकिन फिलहाल राहत दी गई है। बीमा कंपनियां क्लेम सेटलमेंट के समय आपसे आधार नंबर और पैन मांगेंगी। आप आधार नंबर मुहैया करा देते हैं तो आपको क्लेम मिल जाएगा।

कर्मचारियों को फायदा

केंद्र सरकार के कर्मचारी अब नए आवास के निर्माण या खरीद के लिए 8.50 % के साधारण ब्याज पर 25 लाख रुपये अडवांस ले पाएंगे। पहले सीमा 7.50 लाख रुपये और ब्याज की दर 6 से 9.50 प्रतिशत के बीच थी।

ध्यान रखें

6 फरवरी मोबाइल से आधार लिंक करने की आखिरी तारीख

31 मार्च सरकारी योजनाओं का फायदा उठाने के लिए आधार लिंक करने की आखिरी तारीख

ऐसे पाएं mAadhaar

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने अब मोबाइल आधार या mAadhaar को भी आइडेंटिफिकेशन प्रूफ के लिए मान्य कर दिया है। आइए जानते हैं कैसे पाएं mAadhaar:

कहां मिलेगा

mAadhaar ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। अभी यह सिर्फ और सिर्फ एंड्रॉयड स्मार्टफोन्स के लिए उपलब्ध है। गूगल प्ले स्टोर पर इस ऐप के डिवेलपर का नाम यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (Unique Identification Authority of India) है। इससे मिलते-जुलते और भी कई आधार ऐप गूगल प्ले स्टोर पर मौजूद हैं। इसलिए डाउनलोड करने से पहले देख लें कि जिस ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं उसके डिवेलपर का नाम यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ही है।

कैसे करें लॉगइन

आधार ऐप को डाउनलोड करने से पहले सुनिश्चित कर लें कि फोन में वही नंबर होना चाहिए जो आपके आधार नंबर से लिंक है। जब आप आधार ऐप में अपनी प्रोफाइल सेटअप करेंगे तो उस पर ओटीपी आएगा। अगर मोबाइल नंबर एक्टिव नहीं होगा तो आप ऐप का सेटअप नहीं कर पाएंगे। ऐप को इंस्टॉल करने के बाद सबसे पहले पासवर्ड बनाने के लिए कहा जाएगा। ऐप में आगे जब भी आप कुछ करेंगे तो हर बार पासवर्ड डालना होगा। पासवर्ड के बाद अगले पेज पर आधार कार्ड का डेटा डालना होगा। जब आप ऐप के मुताबिक डेटा डाल देंगे तो आपके पास वेरिफिकेशन के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। ऐप ओटीपी को खुद-ब-खुद एंटर कर लेगा। इसके बाद आधार डेटा ऐप में आ जाएगा। इस ऐप का मकसद आधार डिटेल्स को शेयर करना आसान बनाना है और आइडेंटिटी प्रूफ की तरह इस्तेमाल करना है।

क्या-क्या हैं फायदे

जब mAadhaar ऐप को अपने फोन में सेटअप कर लेंगे तो इसमें आधार कार्ड प्रोफाइल आ जाएगा। इसमें आपका मोबाइल नंबर, आधार कार्ड में दिया गया पता, जन्मतिथि आदि ऐप में आ जाएंगे। ऐप के माध्यम से यूजर अपनी आधार डिटेल्स को थर्ड पार्टी के साथ साझा कर सकता है। डिटेल्स को एनएफसी, क्यूआर कोड, बारकोड्स और ईमेल के द्वारा साझा किया जा सकता है। इस तरीके से थर्ड पार्टी के साथ डेटा शेयर करने के बाद अगर यूजर को कोई भी दिक्कत आती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी यूजर की होगी। अगर अभी आप नया सिम कार्ड खरीदने जाते हैं तो आपसे आधार कार्ड मांगा जाता है, लेकिन जब आप ऐप का इस्तेमाल करेंगे तो आधार कार्ड की हार्ड कॉपी की जरूरत ही नहीं होगी। आप ऐप के जरिए ही अपना आधार डेटा सर्विस प्रोवाइडर के साथ शेयर कर सकते हैं।